an>

Title: Regarding releasing of balance payment due to Gujarat for the revival of cooperative organisation by the Central government through agriculture credit cooperatives.

श्रीमती जयश्रीबेन पटेल (मेहसाणा) : महोदया, आपने मुझे समय दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देती हूँ। मैं आपके माध्यम से कृषि मंत्री का ध्यान आकर्षित करना चाहती हूं।

वैद्यनाथन कमेटी के तहत पुनरूद्धार पैकेज 828.69 करोड़ रूपए है, जो कि केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी किया गया है। यह कृषि ऋण सहकारी संरचना के माध्यम से प्रदान किया जा रहा है, जो संरचना को मजबूत बनाने, प्राथमिक समितियों को सी.आर.ए.आर. बनाए रखने तथा कुछ अन्य मानकों को बनाए रखने के लिए जिला केन्द्रीय सहकारी बैंकों के लिए कुछ राशि प्रदान की गई है। इसमें से केवल 567.76 करोड़ रूपए ही गुजरात को दिए गए हैं। इसमें से 260.91 करोड़ रूपए अभी तक गुजरात को प्राप्त नहीं हुए हैं।

इसकी शेष राशि 253.88 करोड़ रूपए 11 जिलों की सहकारी बैंकों को और 7.03 करोड़ रूपए प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों के बीच में वितरित की जाने वाली है।

अतः मेरा आपके माध्यम से सरकार से, कृषि मंत्री जी से अनुरोध है कि शेष राशि को जल्द से जल्द गुजरात राज्य को दिया जाए। यह इन सहकारी संस्थाओं को पूँजी आधार बढ़ाने के लिए अति आवश्यक है।